THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Divergent views prevail on the subject. The Government, however, is alive to the situation and is taking both curative and preventive steps. As curative steps, basic amenities are being provided under the state sector scheme of Environmental Improvement of Urban Slums (EIUS). Slum Upgradations are also being taken up under the World Bank assisted urban development projects in various cities/towns. Considering the cite problems in Bombay, it has been decided to provide a non-plan Grant of Rs. 100 crores to Government of Maharashtra for solving the acute problems of housing and slums in Bombay. As preventive step, small and medium towns are being developed under the Centrally Sponsored Scheme <rf IDSMT, so as the che^k migration rates to major cities. The Centrally Sponsored Scheme of Urban Basic Services has also been started to improve the degree and qualitv of survival! and development of children of the kurban low income families.

हिन्दी उप-शीर्षकों के साथ क्षेत्रीय फिल्मों का प्रसारण

2258. श्री पंतोर रणछोड़दास : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन क्षेत्रीय फीचर फिल्में अंग्रेजी उप-शीर्षकों के साथ प्रसारित करता है;

(ख) क्या सरकार क्षेत्रीय फीचर फिल्में हिन्दी उप-शीर्षकों के साथ प्रसारित करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब से और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

पंतोर रणछोड़दास पंतो (सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच. के. एल. भगत) : (क) जी हां। राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रादेशिक फीचर फिल्में अंग्रेजी उप-शीर्षकों के साथ टेलीकास्ट की जाती हैं।

(ख) और (ग) दिल्ली दूरदर्शन पर दिखाई जाने वाली प्रादेशिक भाषाओं की सभी फीचर फिल्में टेलीकास्ट करने के लिए निर्माताओं/टी. वी. अधिकार धारकों द्वारा दूरदर्शन को प्रदान की जाती हैं। उप-शीर्षकों के साथ फिल्मों के प्रिंट भी उनके द्वारा सप्लाई किए जाते हैं। निर्माता केवल दूरदर्शन पर टेलीकास्ट करने के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय परिचालन की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से उप-शीर्षक अंग्रेजी में करवाते हैं। फिल्मों के उप शीर्षक हिन्दी में करवाने की सुविधा सभी फिल्म निर्माण केन्द्रों में उपलब्ध नहीं है। यदि निर्माताओं/टी. वी. अधिकार धारकों द्वारा हिन्दी उप-शीर्षकों के साथ प्रादेशिक फिल्में प्रदान की जाती है तो दूरदर्शन हिन्दी उप-शीर्षकों के साथ इन्हें टेलीकास्ट करने पर विचार करेगा।

टेलीकास्ट करने से पहले उद्घोषक द्वारा क्षेत्रीय फिल्म का सार हिन्दी में दिया जाता है।

आदिवासी कृषकों को लाभ

2259. श्री अजीत जोगी : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अधिकतर आदिवासियों को लघु और सीमांत कृषकों को दी जाने वाली विशिष्ट सुविधाओं/योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है क्योंकि उनके पास जो भूमि होती है उपर्युक्त श्रेणी के लिए निर्धारित सीमा से अधिक होती है यद्यपि यह भूमि पथरीली, अनुपजाऊ और अनुपयोगी है;